Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَاَنْفِقُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَلَا تُلْقُوْا بِاَيْدِيْكُمْ اِلَى التَّهْلُكَةِ ۛ وَاَحْسِنُوْا ۛ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ○

(सूरतुल बक़रा आयत :196)

अनुवाद: और अल्लाह के मार्ग में खर्च करो और अपने हाथों से अपने आप को हलाक मत करो। और उपकार करो अल्लाह उपकार करने वालों को पसन्द करता है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 3

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 44

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

22 सफर 1439 हिजरी कमरी 1 नबुव्वत 1397 हिजरी शमसी 1 नवम्बर 2018 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।

यह धोखा न लगे कि सुन्नत और हदीस एक ही वस्तु है। क्योंकि हदीस तो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् एकत्र की गयी। परन्तु सुन्नत का अस्तित्व क़ुर्आन शरीफ़ के साथ ही था।

सुन्नत से तात्पर्य वह मार्ग है जिस पर क्रियात्मक रूप में आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपने सहाबा को डाल दिया था। सुन्नत उन बातों का नाम नहीं है जो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् पुस्तकों में लिखी गयी, बल्कि उन बातों का नाम हदीस है और सुन्नत उस क्रियात्मक आदर्श का नाम है जो नेक मुसलमानों की क्रियात्मक परिस्थिति में प्रारम्भ से चला आया है, जिस पर सहस्त्रों मुसलमानों को लगाया गया।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

दूसरा साधन पथ-प्रदर्शन का जो मुसलमानों को प्रदान किया गया **सुन्नत** है अर्थात् आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वे कार्य जो आपने क़ुर्आनी आदेशों की व्याख्या स्वरूप करके दिखाए। उदाहरणार्थ- क़ुर्आन शरीफ़ में साधारण दृष्टि से देखने से **पांच समय** की नमाज़ों (उपासना) की रकआत का ज्ञान नहीं होता कि प्रात: कितनी और अन्य समयों में कितनी हैं परन्तु सुन्नत ने सब पर प्रकाश डाल दिया है। यह धोखा न लगे कि सुन्नत और हदीस एक ही वस्तु है। क्योंकि हदीस तो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् एकत्र की गयी। परन्तु सुन्नत का अस्तित्व क़ुर्आन शरीफ़ के साथ ही था। मुसलमानों पर क़ुर्आन शरीफ़ के पश्चात् सबसे बड़ा उपकार सुन्नत का है। ख़ुदा और रसूल के दायित्व का कर्तव्य केवल दो मामले थे। वह यह कि ख़ुदा ने क़ुर्आन उतार कर अपनी वाणी द्वारा अपनी प्रजा को अपनी इच्छा से अवगत कराया। यह तो ख़ुदा के कानून का कर्तव्य था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का कर्तव्य यह था कि ख़ुदा की वाणी को क्रियान्वित करके लोगों को भली भांति समझा दें। अत: रसूलुल्लाहसल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने वे कथनी बातें करनी के रंग में दिखला दीं और अपनी सुन्नत अर्थात् अमली कार्यवाही से कठिन और मुश्किल मामलों को हल कर दिया। यह कहना व्यर्थ है कि यह हल करना हदीस पर आश्रित था, क्योंकि हदीस के अस्तित्व से पूर्व इस्लाम धरती पर स्थापित हो चुका था।★क्या जब तक हदीसें एकत्र नहीं हुई थीं लोग नमाज़ न पढ़ते थे या ज़कात न देते थे या हज न करते थे या वैध या अवैध से परिचित न थे। हाँ तीसरा साधन **पथ-प्रदर्शन का हदीस है।** क्योंकि इस्लाम के बहुत से ऐतिहासिक, नैतिक और धार्मिक नियमों से संबंधित मामलों को हदीसें स्पष्ट करती हैं और हदीस का बड़ा लाभ यह है कि वह क़ुर्आन और सुन्नत की सेवक है। जिन लोगों को क़ुर्आन का सही ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ वे इस अवसर पर हदीस को क़ुर्आन पर निर्णायक कहते हैं जैसा कि यहूदियों ने अपनी हदीसों के विषय में कहा। पर हम हदीस को क़ुर्आन और सुन्नत का सेवक समझते हैं। स्पष्ट है कि स्वामी की शान सेवकों के होने से बढ़ती है। क़ुर्आन ख़ुदा की वाणी है और सुन्नत रसूलुल्लाह का कर्म है और हदीस सुन्नत के लिए एक समर्थक साक्षी है। (ख़ुदा हर बुराई से अपनी शरण में रखे) यह कहना अनुचित है कि हदीस क़ुर्आन को निर्णायक है। यदि क़ुर्आन पर कोई निर्णायक है तो वह स्वयं क़ुर्आन है। हदीस जो एक विचारात्मक रुतबा रखती है, क़ुर्आन पर निर्णायक कदापि नहीं हो सकती, मात्र सहयोगी प्रमाण के रंग में है। क़ुर्आन और सुन्नत ने मूल कार्य सब कर दिखाया है। हदीस केवल समर्थक साक्षी है। हाँ सुन्नत एक ऐसी वस्तु है जो क़ुर्आन का उद्देश्य प्रकट करती है, और सुन्नत से तात्पर्य वह मार्ग है जिस पर क्रियात्मक रूप में आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपने सहाबा को डाल दिया था। सुन्नत उन बातों का नाम नहीं है जो सौ डेढ़ सौ वर्ष पश्चात् पुस्तकों में लिखी गयी, बल्कि उन बातों का नाम हदीस है और **सुन्नत** उस क्रियात्मक आदर्श का नाम है जो नेक मुसलमानों की क्रियात्मक परिस्थिति में प्रारम्भ से चला आया है, जिस पर सहस्त्रों मुसलमानों को लगाया गया। हाँ हदीस भी, यद्यपि कि उसका अधिकांश भाग विचारात्मक स्तर पर है, परन्तु यदि वह क़ुर्आन और सुन्नत की विरोधी न हों तो अनुसरण करने योग्य है और क़ुर्आन व सुन्नत की समर्थक है। अधिकांश इस्लामी मामलों का भण्डार उसके अन्दर मौजूद है। **अत: हदीस** के महत्त्व को न समझना इस्लाम के एक भाग को काट देना है। हाँ यदि कोई ऐसी हदीस जो क़ुर्आन और सुन्नत की विरोधी हो तथा ऐसी हदीस की विरोधी हो जो क़ुर्आन के अनुकूल है या उदाहरणार्थ एक ऐसी हदीस जो सही बुखारी के विपरीत है तो वह हदीस स्वीकार योग्य नहीं होगी, क्योंकि उसे स्वीकार करने से क़ुर्आन को और उन समस्त हदीसों को जो क़ुर्आन के अनुकूल हैं रद्द करना पड़ता है और मैं जानता हूँ कि कोई संयमी मुसलमान इसका साहस नहीं करेगा कि ऐसी हदीस पर आस्था रखे कि

शेष पृष्ठ 8 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, मई 2016 ई (भाग-12)

☆ तरबियत के हवाले से नासरात की सैक्रेटरी ने कहा कि नया स्लेबस बनाए जा रहे हैं।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: आपका साल अक्टूबर में शुरू नहीं होता। इस पर बताया गया कि साल इज्तिमा के बाद मई में शुरू होता है। उस पर हुज़ूर अनवर ने फरमाया कि सारी दुनिया में एक ही सिद्धांत चलेगा। अक्टूबर से लेकर सितंबर तक और इज्तिमा जब मर्ज़ी करें। यदि नई सदर हो तो अक्तूबर से काम करेगी। इस तरह से अनियमितता पैदा होती है। दस्तूर असासी का पालन करें। लजना का आमला का और वित्तीय वर्ष, अक्टूबर से सितंबर तक है। सितंबर, अक्टूबर में एक केंद्रीय स्थान पर अपने इज्तिमा रख लिया करें और सदर का चयन कर लिया करें। जिस साल नहीं होता उस वर्ष करने की आवश्यकता नहीं है। दो साल बाद, अपनी शूरा के इज्लास में अपने सदर का चयन किया करें। इस का इज्तिमा से कोई संबन्ध नहीं इज्तिमा जब चाहें करें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया: नासरात को भी कपड़ों के संदर्भ में बताएं। दस साल से ग्यारह साल तक की बच्चियों का ध्यान शर्म की तरफ करवाएं। यदि आप ग्यारह वर्ष की आयु से इस तरफ ध्यान दिलवाएंगे तो ध्यान पैदा होगा। एक स्कार्फ या लंबी शर्ट पहनें। 13 साल की उम्र में कुछ लड़कियों को स्कार्फ की ज़रूरत पड़ जाती है। पहले लज्जा पैदा करने की कोशिश करें। इसके लिए, बच्चों को कुरआन की विभिन्न आयतें , हदीसें और हजरत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उद्धरण और ख़लीफाओं को उपदेशों को लेकर भेजती रहा करें। ख़ुद ही असर होता रहेगा। बड़े होकर तरबियत करने की कोशिश करते हैं तो असर नहीं होता। असली बात लज्जा का पैदा होना है। बाकी सब अपने आप ठीक हो जाऐंगी।

राष्ट्रीय मज्लिस आमला लजना स्वीडन की हुज़ूर अनवर से मुलाकात, स्वीडिश नेशनल टेलीविजन sverges television vast की जर्नलिस्ट का हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ से इनट्रवियू। फैमली मुलाकातें

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

20 मई 2016 (दिनांक जुम्अतुल मुबारक)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया ने सुब्ह 3 बजकर45 मिन्ट पर पधार कर मस्जिद नासिर में नमाज़ पढ़ाई। नमाज़ अदा करने के बाद,हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने निवास स्थान पर गए।

सुबह में, हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ कार्यालय के मामलों में व्यस्त रहे।

आज शुक्रवार का मुबारक का दिन था और मस्जिद नासिर गौथन बर्ग (स्वीडन) से हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का यह दूसरा ख़ुत्बा था जो mta द्वारा दुनिया भर में सीधे लाइव प्रसारण हो रहा था। इससे पहले ग्यारह साल पहले, 16 सितंबर 2005 ई को, हुज़ूर अनवर ने मस्जिद नासिर गोथनबर्ग में ख़ुत्बा जुम्अ: दिया था जो एमटीए पर लाइव प्रसारित किया गया था।

अपने प्यारे आक़ा के अनुसरण में शुक्रवार की नमाज़ अदा करने के लिए स्वीडन की जमाअतों के अलावा डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, ब्रिटेन और जर्मनी से जमाअत के दोस्त और परिवार बड़ी संख्या में गौथन बर्ग स्वीडन पहुंचे थे। स्वीडन की जमाअतों और पड़ोसी देशों ट्रक के माध्यम से सफर कर के आने वाले बहुत लम्बी दूरी तय कर के आए थे।

माल्मो से 274 किलोमीटर, कलमार से आने वाले 350 किलोमीटर, स्टॉकहोम से 483 किलोमीटर और लोलियो से आने वाली फैमिली 1500 किलोमीटर से अधिक का रास्ता तय कर के गोथनबर्ग पहुंचीं थीं।

पड़ोसी देशों से आने वालों में नॉर्वे से आने वाले 295 किलोमीटर और डेनमार्क से आने वाले 321 किलोमीटर और फिनलैंड से से आने वाले 1082 किलोमीटर का सफर तय कर के आए थे।

सुबह से ही जमाअत के लोगों के आने का क्रम शुरू था। मस्जिद के अलावा दोनों प्रमुख हॉल और मार्कीज़ नमाज़ियों से भरे हुए थे और लगभग कुल हाज़री 1300 से अधिक थी।

स्वीडिश नेशनल टेलीविज़न (जो देश के पश्चिमी हिस्से को कवर करता है) की टीम मस्जिद नासिर गोथन बर्ग, कुछ दृश्यों, को फिल्माने के लिए आई हुई थी।

दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने मस्जिद नासिर में तशरीफ ला कर ख़ुत्बा जुम्अ: पढ़ा। यह ख़ुत्बा जुम्अ: अखबर बदर में प्रकाशित हो चुका हे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ के इस ख़ुत्बा जुम्अ: का स्वीडिश भाषा में सीधे अनुवाद किया गया।

यह ख़ुत्बा जुम्अ: 3 बजे तक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने नमाज़ असर पढ़ाई। नमाज़ों को अदा करने के बाद, हुज़ूर अनवर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ अपने दफतर तशरीफ ले गए।

उसके बाद स्वीडिश नेशनल टेलीविजन sverges television vast जो कि स्वीडन के पश्चिमी भाग को cover करता है उसकी जर्नलिस्ट ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का इनट्रवियू लिया।

महोदया पत्रकार ने पहला सवाल पूछा कि जुम्अ: के बाद आप क्या करेंगे?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : जहां भी मैं जाता हूं, वहां हमारी जमाअत के लोग होते हैं, और मैं अपने समुदाय के लोगों से मिलता हूं। उस के बाद मैं शाम को परिवार के सदस्यों से मिलूंगा। कुछ आधिकारिक कार्यक्रम भी हैं।

इस के बाद महोदया ने पूछा कि आप का शहर गॉथेनबर्ग के बारे में क्या विचार हैं?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : हमारे स्वीडिश जमाअन की एक बड़ी संख्या यहां गोथनबर्ग में रहती है, यही कारण है कि मैं गोथेनबर्ग आया हूं।

उसके बाद, महोदया ने कहा कि हमें जिन समस्याओं का सामना है उनमें एक उग्रवाद भी है, आप इसके बारे में क्या कहेंगे?

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ ने फरमाया : इस्लाम को अतिवाद के साथ जोड़ा जा रहा है, वरना इस्लाम के भीतर उग्रवाद के लिए कोई जगह नहीं है। जहां तक धर्म का संबंध है, कुरआन ने बहुत स्पष्टीकरण के साथ कहा है कि धर्म आपके दिल का विषय है। कोई बाध्यता नहीं है। जहां तक रसूल के अपमान तथा कुरआन के अपमान की बात है तो रसूले करीम

पृष्ठ 9 पर शेष

ख़ुत्बः जुमअः

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दो जलील क़द्र सहाबा, इताअत व निष्ठा से परिपूर्ण हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद और हज़रत कदामह बिन मज़ऊन रज़ियल्लाहो अन्हुमा की सीरत ईमान वर्धक पहलुओं का वर्णन।

मुझे भी अपनी उम्मत के लिए वह पसन्द है जो इब्ने मसूद ने पसंद किया।"

बावजूद इस बात के कि सहाबा बिल्कुल अनपढ़ थे, सारे मक्का में कहा जाता है कुल सात आदमी पढ़े लिखे थे लेकिन सारी दुनिया पर ये लोग छा गए। तो यह आज्ञापालन था कि जगह हासिल की और जीता। तो यह विशेष बिंदु हमेशा याद रखना चाहिए।

राष्ट्रों के विकास के लिए असली बात आज्ञापालन है।

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमेशा विभिन्न अवसरों पर हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के तरीके की सराहना की।

सुन्नते रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अनुसार इब्ने मसूद केवल जुम्मेरात के दिन नसीहत किया करते थे जो बहुत ही कम और व्यापक होता था।

यह यतीम बच्ची है इस की शादी इस की इच्छा के अनुसार होगी।

आदरणीया अमतुल हफीज़ भट्टी साहिबा पूर्व सदरी लजना इमाउल्लाह कराची और आदरणीया अदनान वेनडन ब्रूक साहिब राष्ट्रीय सचिव अमूरे ख़ारजा जमाअत अहमदिया बेल्जियम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 5 अक्तूबर 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔
اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ
اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔
غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले ख़ुत्बा में सहाबा के उल्लेख में हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के बारे में बयान कर रहा था और उनकी क्योंकि पर्याप्त रिवायतें हैं उनकी अपनी भी और उनके बारे में दूसरों की भी कुछ रिवायतें रह गई थीं जो अब मैं बयान करूँगा।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के बारे में बुज़ुर्ग सहाबा कहा करते थे कि अब्दुल्लाह बिन मसूद अल्लाह तआला निकटता और संबंध में असामान्य स्थान रखते थे और नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने जिन सहाबा के नमूने को हिदायत का मार्ग बनाने के लिए खास तौर से हिदायत फ़रमाया करते थे उन में हज़रत अबू बकर और हज़रत उमर के नाम के हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद का नाम भी शामिल था। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि अब्दुल्लाह बिन मसूद के तरीके को कसकर पकड़ो।

(जामेअ अत्तिरमिज़ी बाब मनाक़िब अब्दुल्लाह बिन मसूद हदीस 3805)

एक रिवायत है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को एक विशेष विश्वास था आप पर था और अब्दुल्लाह बिन मसूद को भी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़ात से एक असामान्य इश्क था। उनकी कुछ घटनाओं को मैं ने भी उल्लेख किया था। अन्य भी घटनाएं हैं, कुछ विभिन्न दृष्टिकोणों से वर्णित किया गया है।

उनके बारे में लिखा है कि बातनी लिहाज़ से नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सोहबत ने इब्ने मसूद यानी अब्दुल्लाह बिन मसूद को एक मुत्तकी, परहेज़गार और इबादत करने वाला व्यक्ति बना दिया था। इबादत और नफल का इतना शौक था कि फर्ज़ नमाज़ों और तहज्जुद के बाद चाशत के समय की नमाज़ों का भी बहुत ध्यान रखते थे। इसी तरह हर सोमवार और जुम्मेरात को नफली रोज़े रखा करते थे, और फिर भी यह इहसास रहता कि वह कम रोज़े रखते हैं। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद फरमाया करते थे कि तहज्जुद के अदा करने के लिए शरीर में कमज़ोरी महसूस होने लगती है। (तहज्जुद भी बड़ी लंबी और असामान्य रूप से लम्बी पढ़ा करते थे और यदि वास्तव में हक़ अदा करते हुए नवफलों और तहज्जुद को अदा किया जाए तो इंसान बड़ी कमज़ोरी महसूस करता है।) इसलिए कहते थे कि नमाज को रोज़े पर प्राथमिकता देते हुए अपेक्षाकृत कम नफली रोज़ों की व्यवस्था करता हूँ।

(सीरत सहाबा रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम , हाफिज़ मुजफ्फर अहमद, पृष्ठ 283 प्रकाशन नज़ारत इशाअत रब्वा, 2009 ई)

एक बार नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने लघु भाषण के बाद हज़रत अबु बकर से फरमाया कि अब वह लोगों को उपदेश करें, यानी हज़रत अबूबकर उपदेश करें। हज़रत अबू बकर ने एक संक्षिप्त उपदेश किया और फिर हज़रत उमर से फरमाया। उन्होंने हज़रत अबू बकर से भी संक्षिप्त अपदेश किया। फिर किसी अन्य आदमी ने फरमाया तो उस ने लम्बी तकरीरें शुरूं कर दीं। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उससे फरमाया, बैठ जाओ या फरमाया चुप रहो। तब आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अब्दुल्लाह बिन मसूद से तकरीर के लिए कहा। उन्होंने अल्लाह तआला की प्रशंसा की और इस के बाद केवल यह का कि, हे लोगो! अल्लाह तआला हमारा रब्ब है, कुरआन हमारा मार्ग दर्शक है, बैयतुल्लाह हमारा किब्ला है और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमारे नबी हैं। और एक दूसरी रिवायत में है कि उन्होंने कहा कि हम अल्लाह तआला के रब्ब होने और इस्लाम के धर्म होने पर सहमत हैं और मुझे तुम्हारे लिए वह पसंद है जो अल्लाह तआला और उसके रसूल को पसंद है। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस पर फरमाया कि इब्न मसूद ने सही कहा और मुझे भी अपनी उम्मत के लिए वह पसंद है जो इब्ने मसूद ने पसंद किया।

(सीरत सहाबा रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम , हाफिज़ मुजफ्फर अहमद, पृष्ठ 284-258 प्रकाशन नज़ारत इशाअत रब्वा, 2009 ई)

हज़रत अली जब कूफा में तशरीफ ले गए तो आपकी मज्लिस में अब्दुल्लाह बिन मसूद का कुछ उल्लेख था। यह वहां पहले रह चुके था। लोगों ने उनकी सराहना की, हे अमीरुल मोमिनीन! हम ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद से बढ़कर उच्च नैतिकता वाला और नरमी से शिक्षा देने वाला और अच्छा साहचर्य और मजलिस करने वाला और बहुत ख़ुदा से भय करने वाला और कोई नहीं देखा। हज़रत अली ने परीक्षण के लिए उन सभी को संबोधित कर कहा कि मैं तुम्हें अल्लाह तआला की कसम देकर पूछता हूं कि सच बताओ कि अब्दुल्लाह बिन मसूद से संबंधित गवाही ईमानदारी से करते हो। सब ने हां कहा। इस पर हज़रत अली ने कहा, हे अल्लाह! गवाह रहना हे अल्लाह! मैं भी अब्दुल्लाह बिन मसूद के बारे में यही राय रखता हूं जो उन लोगों की है बल्कि इससे भी बेहतर राय रखता हूँ।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 115 अब्दुल्लाह बिन मसूद दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद ने अपने धार्मिक भाई हज़रत ज़ुबैर बन अलअवाम के साथ नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के स्थापित किए गए भाईचारे का हक भी ख़ूब अदा किया। उन पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए यह वसीयत फ़रमाई कि मेरे सारे वित्तीय मामलों की निगरानी और काम, यानी सभी काम जो हैं

उन्हें संभालना तथा जो मेरी संपत्ति पीछे रह जाएगी, हज़रत ज़ुबैर बिन अलअवाम और उनके पुत्र अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर के जिम्मे हैं। और परिवार के मामलों में उनके निर्णय निश्चित रूप से और लागू होंगे।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 118 अब्दुल्लाह बिन मसूद दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

अबू-वाइल से रिवायत है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद ने एक व्यक्ति की तह बंद टखने से नीचे देखा तो उसे टखने के ऊपर करने के लिए कहा। इस पर, उस व्यक्ति ने आपको जवाब दिया कि आप भी अपने तह बन्द टखनों के ऊपर कर लें। आप ने फरमाया कि मैं तुम्हारी तरह नहीं हूं। मेरी पिंडलियां बारीक हैं और मैं दुब्ला भी हूँ। हज़रत उमर को इस घटना की ख़बर हुई तो उन्होंने उस व्यक्ति को इब्ने मसूद से इस तरह संबोधित होने और जवाब देने के कारण सज़ा भी दी।

(अल्असाबा फी तमीज़ सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 201 अब्दुल्लाह बिन मसूद दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1995)

यह भी हो सकता है कि उस व्यक्ति में अहंकार हो और उस ज़माने में अहंकार की वजह से कपड़े लंबे रखने का रिवाज था तो उस पर उन्होंने उसे समझाया हो और उसने बिना देखे कि यह कितने विनम्र व्यक्ति हैं और अल्लाह तआला के आदेश पर कितना अमल करने वाले हैं और अल्लाह तआला की कितनी ख़शियत है आगे यह उत्तर दिया और हज़रत उमर को जब पता लगा तो आप ने उसकी सरज़निश की।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में हज़रत ख़लीफ़ुतल मसीह सानी एक जगह इस तरह बयान किया है कि हदीसों में एक घटना आती है जिससे पता लगता है कि उनमें कितनी अनुपालन की रूह पाई जाती थी। ज़ाहिरी तौर पर वह एक ऐसी बात है जिसे सुनकर कोई व्यक्ति कह सकता है यह कैसी मूर्खता की बात है लेकिन जैसा कि मैंने कहा (हज़रत ख़लीफा सानी फरमाते हैं कि) उनकी तरक्की का राज़ इसी में निहित था कि वह नबी सल्लल्लाहो अलैहि की ज़ुबान से कोई आदेश सुनते थे तो वह इसका पालन करने के लिए तैयार हो जाते। हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी बयान कर रहे हैं कि हदीसों में आता है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद एक बार नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मज्लिस की तरफ आ रहे थे तो आप अभी गली में ही थे कि आप के कान में नबी सल्लल्लाहो की आवाज़ बैठने के लिए आई। मालूम होता है कि भीड़ अधिक हो गई और कुछ लोग किनारों पर खड़े होंगे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें कहा कि बैठ जाओ। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद जो अभी मज्लिस में नहीं पहुंचे थे और सड़क में उन्होंने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यह आवाज़ सुनी तो वहीं बैठ गए और बैठे-बैठे जैसे बच्चे चलते हैं घिसट घिसट कर मस्जिद में पहुंचे। किसी व्यक्ति ने जो इस राज़ को नहीं समझता था कि आज्ञापालन और अनुपालन की रूह ही दुनिया में राष्ट्रों को कैसे सफल करती है जब हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद को इस तरह चलते देखा तो उसने आपत्ति जताई और कहा कि यह कैसी मूर्खता की बात है। वह उसे बेवकूफ़ समझ रहा था। उन्हें नहीं पता था कि क़ौमों की तरक्की के लिए असली बात अनुपालन करना है। बहरहाल उसने उससे कहा कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का मतलब तो यह था कि मस्जिद में जो लोग किनारों पर खड़े हैं वे बैठ जाएं लेकिन आप सड़क में ही बैठ गए और घसिटते हुए मस्जिद में आए हैं। आप को चाहिए था कि जब आप मस्जिद में पहुंचते तब बैठते, सड़क में बैठ जाने का क्या लाभ था। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद ने कहा हाँ हो तो सकता था लेकिन अगर मस्जिद पहुंचने से पहले ही मर जाता तो नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह आदेश मेरे अनुपालन में न आता और कम से कम एक बात ऐसी ज़रूर रह जाती जिस पर अनुपालन नहीं किया अब यह शौक था उन लोगों का कि कोई बात जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुंह से निकले यह न हो कि हम उस पर अमल न करें। इस पर उन्होंने कहा मैंने यह बात सुनी और मुझे यह चिंता पैदा हुई कि अगर इस दौरान मर जाता तो मेरे आमाल नामे में कहीं यह न लिखा जाए कि यह एक अंतिम बात थी जिस पर आप ने सुनने के बावजूद पालन नहीं किया। तो बहरहाल उन्होंने उससे कहा कि इसलिए मैंने उचित नहीं समझा कि मैं चलता हुआ आऊं और मस्जिद में आ कर बैठूँ। मैंने सोचा कि जीवन का क्या भरोसा है शायद मस्जिद में पहुँचूं या न पहुँचूं इसलिए अभी बैठ कर जाना चाहिए ताकि इस आदेश पर भी अमल हो। ये लोग इतनी बारीकी से चीज़ों को देखने वाले थे।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहो अन्हो और लिखते हैं कि इन्हीं अब्दुल्लाह बिन मसूद की घटना है कि हज़रत उसमान रज़ियल्लाहो अन्हो ने अपने ख़िलाफत के समय में एक बार हज के दिनों में मक्का में चार रकअतें पढ़ीं। हज पर गए हुए थे, ठहरना थोड़ा था, चार रक़अतें पढ़ीं। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब हज के लिए आए थे, तो आप ने वहाँ दो रकअतें पढ़ी थीं क्योंकि मुसाफिर को दो रकअतें नमाज़ पढ़ने का ही आदेश है। फिर हज़रत अबू बक्र रज़ियल्लाहो अन्हो अपने ख़िलाफत के समय में आए तो आप भी दो ही रकअतें पढ़ीं। उमर रज़ियल्लाहो अन्हो हज के लिए आए तो उन्होंने भी दो ही पढ़ीं यानी कसर नमाज़ का जहां आदेश है वहाँ कसर की। परन्तु हज़रत उसमान रज़ियल्लाहो अन्हो ने चार रकअतें पढ़ा दीं। इस पर लोगों में एक शोर बरपा हो गया, बड़ा शोर मचाया लोगों ने और उन्होंने कहा कि हज़रत उसमान ने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत को बदल दिया है। अत: हज़रत उसमान लोगों के पास आए और उन्होंने पूछा कि आपने चार रक़अतें क्यों पढ़ी हैं? हज़रत उसमान रज़ियल्लाहो अन्हो ने फरमाया कि बात यह है कि मैंने एक इज्तेहाद किया और वह यह इज्तेहाद था कि अब दूर के लोग मुसलमान हो गए हैं। बहुत से लोग दूर दूर से हज के लिए आने लगे हैं और उनमें से ज्यादातर अब इस्लामी मस्लों को पहले की तरह नहीं जानते हैं। अब वे केवल हमारे कार्यों को देखते हैं। वे देखते हैं कि हम पुराने मुस्लिम कैसे कर रहे हैं, और जिस रंग में वे हमें कोई काम करता देखते हैं उसी रंग में करना शुरू करते हैं और कहते हैं कि यही इस्लाम का आदेश है। ये लोग चूंकि मदीना में बहुत कम आते हैं और उन्हें वहाँ रहकर हमारी नमाज़ें देखने का मौका नहीं मिलता तो इसलिए मैंने यही सोचा कि अभी हज के अवसर पर उन्होंने मुझे दो रकअत नमाज़ पढ़ते देखा, छोटा करते देखा तो अपने क्षेत्र में जाते ही कहने लग जाएंगे कि ख़लीफा को हम ने दो रकअत नमाज़ पढ़ाते देखा है इसलिए इस्लाम का असल आदेश यही है कि दो रकअत नमाज़ पढ़ी जाए। हज़रत उस्मान ने कहा कि जब यह अपने क्षेत्र में जा के बताएंगे तो लोग चूंकि इस बात से अपरिचित होंगे कि दो रकअतें सफर के कारण कसर नमाज़ पढ़ी गई है इस लिए इस्लाम में मतभेद पैदा हो जाएगा और लोगों को ठोकर लगेगी। यह उसमान ने इज्तेहाद किया। तो हज़रत उसमान ने कहा, मैं समझता हूं कि मैं चार रक़अतें नमाज़ पढ़ा दूं ताकि नमाज़ की चार रकअतें इन्हें न भूलें। बाकी रहा यह सवाल कि मेरे लिए चार रकअतें पढ़ने के लिए अनुमति कैसे हो गई। हज़रत उसमान ने यह भी जवाब दिया, मैंने क्यों चार रक़अतें पढ़ीं हैं और यह मेरे लिए जायज़ क्यों है? आपने उत्तर दिया कि मैंने यहां शादी की है, मक्का में शादी कर चुका हूं और पत्नी का सारा परिवार वहां था, सुसराल वहां थी। चूंकि पत्नी की मातृभूमि में भी अपनी मातृभूमि है, इसलिए मैं समझता हूं कि मैं मुसाफिर नहीं हूं और मुझे पूरी नमाज़ पढ़नी चाहिए।

उसने अपने इज्तेहाद की यह एक दलील उन्होंने दी। अत: हज़रत उसमान रज़ियल्लाहो अन्हो ने चार रकअतें नमाज़ पढ़ाने का यह कारण वर्णन किया और इस का उद्देश्य आपने यह बताया कि बाहर के लोगों को धोखा न लगे और वे इस्लाम की सही शिक्षा को समझने में ठोकर न खाएं। उनकी यह बात भी बहुत सुक्ष्म थी, यह एक बड़ी गहरी बात थी , और जब सहाबा ने सुनी, तो ज्यादातर लोग समझ गए और जो न समझ सके, लेकिन चुप रहे। लेकिन अन्य लोगों ने जो फित्ना बनाने वाले थे उन्होंने शोर मचा दिया और कहना शुरू कर दिया कि हज़रत उसमान ने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत के ख़िलाफ अनुकरण किया है। तो जो चिल्ला रहे थे, फित्ना पैदा कर रहा थे, उन में से कुछ अब्दुल्लाह बिन मसूद के पास आए और कहा, आपने देखा है कि आज क्या हुआ। अल्लाह तआला के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क्या किया करते थे और आज उस्मान ने क्या किया? इन लोगों ने अब्दुल्लाह बिन मसूद को कहा कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तो हज के दिनों में मक्का आकर केवल दो रकअतें पढ़ाया करते थे मगर हज़रत उसमान ने चार रकअतें पढ़ाईं। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद ने यह सुनकर कहा कि देखो हमारा काम यह नहीं कि हम फित्ना पैदा करे क्योंकि समय के ख़लीफा ने किसी ज्ञान के अधीन ही ऐसा काम क्या होगा, कोई हिक्मत होगी जो हमें समझ नहीं आई। अत: तुम फित्ना पैदा न करो। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद ने कहा कि मैंने भी उन के अनुसरण में चार रकअतें ही पढ़ी हैं। मैं भी नमाज़ पढ़ने वालों में शामिल था और मैं भी चार रकअतें ही पढ़ी हैं लेकिन नमाज़ के बाद मैंने हाथ उठा कर अल्लाह तआला से दुआ मांगी कि ख़ुदाया तो इन चार रकअतों में से मेरी वही दो रकअतें क़ुबूल फ़रमा जो हम नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ पढ़ते थे और बाकी दो रकअतों को मेरीनमाज़ न समझना। हज़रत मुस्लेह मौऊद कहते हैं यह कैसा प्रेम का रंग है जो हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद में पाया जाता था कि उन्होंने चार रकअतें पढ़ तो लीं लेकिन उन्हें वह सवाब भी पसंद नहीं आया जो मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पढ़ी हुई दो रकअतों से अधिक था और दुआ की

कि दो रकअतें ही स्वीकार करना चार स्वीकार नकरना। अब जो मुक्तदी था उन्होंनें समय के की ख़लीफा के पीछे चार रकअतें पढ़ लीं और आज्ञापालन में पढ़ीं थीं। नमाज़ का भी सवाब है आज्ञापालन के लिए भी एक इनाम है, लेकिन अब्दुल्लाह बिन मसूद का अपना सिद्धांत था। उन्होंने कहा कि आज्ञारालन मैंने कर लिया लेकिन अल्लाह तआला से यह दुआ की कि मैं यह नहीं चाहता कि इससे अधिक इनाम लूं जितना कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमारे सामने नमाज़ें पढ़ कर हमें हासिल करने वाला बनाया और इसलिए दुआ की कि अल्लाह तआला दो रकतों को स्वीकार करना ।

और फिर हज़रत मुस्लेह मौऊद लिखते हैं कि ख़िलाफत के पालन का कितना अच्छा नमूना है। उन्हें नहीं पता था कि हज़रत उसमान ने किस कारण से दो के बजाय चार रक़अतें पढ़ाई हैं, हालांकि यही कारण है कि बहुत से लोग इसे सही मानते हैं। वह पत्नी के घर जाते हैं तो उसे यात्रा नहीं समझते, बेटे के घर जाते हैं तो उसे यात्रा नहीं समझते, माता-पिता के घर जाते हैं तो उसे यात्रा नहीं समझते तो यह मस्ला ठीक था। और फिर, हज़रत उसमान रज़ि अल्लाह तआला अन्हों की यह सावधानी के बाहर ले लोगों को धोखो न लग जाए और इस्लाम में कोई मतभेद न पड़ जाए इन के उच्च स्तर के तक्वा का सबूत है। हज़रत उस्मान का भी यह बड़ा उन्नत स्तर का तक्वा था इरादा था कि लोगों को ठोकर न लगे लेकिन हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद को तब तक इस हिक्मत का ज्ञान नहीं था कि क्या कारण था कि हज़रत उसमान के चार रकअतें पढ़ने की लेकिन उन्होंने यह नहीं किया आपने नमाज़ छोड़ दी है। बल्कि उन्होंने नमाज़ भी पढ़ी और ख़िलाफत का भी पालन किया और बाद में अल्लाह तआला से दुआ की हे अल्लाह! मेरी दो रकअतें ही स्वीकार हों चार न हों। यह आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कदम पर चलने की रूह थी और आज्ञाकारिता की भावना थी जो उन में पाई जाती थी। यही कारण था कि बावजूद इस के कि के सहाबा बिल्कुल अनपढ़ थे, सारे मक्का में कहा जाता है कुल सात आदमी पढ़े लिखे थे लेकिन सारी दुनिया पर ये लोग छा गए।

(उद्धरित ख़ुत्बाते महमूद जिल्द 22 पृष्ठ 106 से 109)

अत: यह आज्ञाकारिता थी जिससे वह स्थान उन्हें प्राप्त हुआ और विजय प्राप्त की। तो यह विशेष बिंदु हमेशा याद रखना चाहिए। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के इस कर्म से समय के ख़लीफा का पालन भी व्यक्त हो गया और इश्के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उच्च स्थान को भी व्यक्त किया गया। इसीलिए पैग़म्बरे इस्लाम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने विभिन्न अवसरों पर हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के तरीके की हमेशा सराहना फ़रमाई और यही वास्तविक तरीका है फ़ितनों से बचने का। अत: यह वह आदर्श है जो हर अहमदी के लिए मार्ग दर्शक है।

एक बार हज़रत उमर रात के समय एक काफिले से मुलाकात की। अंधेरे की वजह से काफिला वालों को देखना संभव नहीं था। इस काफिला में अब्दुल्लाह इब्न मसूद भी मौजूद थे। हज़रत उमर ने एक आदमी से काफिला के लोगों से पूछने के लिए भेजा कि वह कहां से आए हैं? उस आदमी के पूछने पर अब्दुल्लाह बिन मसूद ने उत्तर दिया। फज्जे अमीक। फिर पूछा, तुम कहाँ जा रहे हो? तो उन्होंने जवाब दिया बैयते अतीक। अर्थात ख़ाना काबा जा रहे हैं। हज़रत उमर ने पूछा कि क्या उन लोगों में कोई आलिम है? फिर एक आदमी को आदेश दिया कि उन को आवाज़ देकर पूछू कि कुरआन की सबसे बड़ी आयत कौन सी है? इस काफिला में हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद थे उन्होंने ही उस व्यक्ति को उत्तर दिया, हज़रत उमर के पुछवाने पर कि कौन सी आयत महान आयत है

اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الْحَیُّ الْقَیُّوْمُ ۚ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌ

(अलबक़रा: 256) फिर पूछा कि कुरआन की कौन सी आयत मुहकम तरीन है। तो रिवायत में आता है कि हज़रत अब्दुल्लाह इब्न मसूद ने उत्तर दिया

اِنَّ اللّٰهَ یَاْمُرُ بِالْعَدْلِ وَالْاِحْسَانِ وَاِیْتَآئِ ذِی الْقُرْبٰی

(अलनहल 91) हज़रत उमर ने उस आदमी से यह पूछने का कहा कि कुरआन की जामेअ तरीन आयत कौन सी है? इस पर अब्दुल्लाह बिन मसूद ने उत्तर दिया कि

فَمَنْ یَّعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ خَیْرًا یَّرَهٗ ۔ وَمَنْ یَّعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ شَرًّا یَّرَهٗ ۔

(सूरह अज़्ज़िलज़ाल) फिर पूछा कि कुरआन की सब से अधिक भय के बारे में बताने वाली आयत कौन सी है इस पर अब्दुल्लाह बिन मसूद ने यह आयत बताई कि

لَیْسَ بِاَمَانِیِّکُمْ وَلَآ اَمَانِیِّ اَهْلِ الْکِتٰبِ ۔ مَنْ یَّعْمَلْ سُوْٓءًا یُّجْزَ بِهٖ ۔ وَلَا یَجِدْ لَهٗ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلِیًّا وَّلَا نَصِیْرًا

(अन्निसा 124) हजरत उमर ने उन से पूछा कि न से कहो कि कुरआन की सब से अधिक उम्मीद दिलाने वाली आयत कौन सी है जिस पर अब्दुल्लाह बिन मसूद ने जवाब दिया कि

قُلْ یٰعِبَادِیَ الَّذِیْنَ اَسْرَفُوْا عَلٰٓی اَنْفُسِهِمْ لَا تَقْنَطُوْا مِنْ رَّحْمَةِ اللّٰهِ ۔ اِنَّ اللّٰهَ یَغْفِرُ الذُّنُوْبَ جَمِیْعًا ۔ اِنَّهٗ هُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِیْمُ

(अज़ुज़ुमर 54) इन सभी बातों को सुनने के बाद, हज़रत उमर ने उन से कहा: उनसे पूछो, क्या अब्दुल्लाह बिन मसूद तुम्हारे बीच है? काफिला के लोगों ने कहा क्यों नहीं अल्लाह की कसम हमारे बीच में मौजूद हैं। हज़रत उमर को इस बात का पता था कि आप फिक्का के ज्ञान से भरे हुए हैं

(उद्धरित नकूशे सहाबा खालिद मुहम्मद खालिद अनुवाद तहज़ीब इरशाद रहमान पृष्ठ 68-69 इरफान अफज़ल प्रेस बंद रोड लाहौर)और यह सारे उत्तर सुनकर हज़रत उमर को बेशक पता लग गया होगा कि अब्दुल्लाह बिन मसूद ही इस तरह के ज्ञान वाले उत्तर दे सकते हैं।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद का कहना है कि मुहर्रम के दिन बदर के दिन, आं हजरत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा से पूछा कि तुम उन कैदियों के बारे में क्या कहते हो? हज़रत अबू बकर ने कहा, हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ये लोग आपकी क़ौम और आपके परिवार से हैं। इन्हें माफ कर के इन के साथ नर्मी व्यवहार इन के साथ करें शायद अल्लाह तआला उन्हें तौब: की तौफीक प्रदान करे। तब हज़रत उमर ने कहा, हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इन लोगों ने आपको अस्वीकार किया और आप को तंग किया इन की गर्दनें उड़ा दें। फिर हज़रत अब्दुल्लाह बिन रवाहा ने राय दी कि हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आप घने वृक्षों वाला जंगल तलाश करें और उन्हें इसमें प्रवेश कर के आग लगा दें। अल्लाह तआला के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सभी की राय सुनी लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया और अपने तम्बू में गए। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद का कहना है कि लोगों ने एक-दूसरे से बात करना शुरू कर दीं, कि देखें अब किस की राय पर अनुकरण होता है। थोड़ी देर बाद आं हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तम्बू से बाहर आए और फरमाने लगे अल्लाह तआला कुछ लोगों के दिलों को इतना नरम कर देता है कि वह दूध भी अधिक नर्म हो जाते हैं और कुछ लोगों के दिलों को इतना कठोर कर देता है कि वे चट्टान से भी अधिक कठोर हो जाते हैं और हे अबू बकर तुम्हारा उदाहरण इब्राहीम जैसीा है उन्होंने कहा

فَمَنْ تَبِعَنِیْ فَاِنَّهٗ مِنِّیْ وَمَنْ عَصَانِیْ فَاِنَّكَ غَفُوْرٌ رَّحِیْمٌ

(इब्राहीम 37) कि जिसने मेरा अनुकरण किया तो वह बेशक मुझ में से है और जिसने मेरी बात नहीं मानी तो निश्चय तो तू बहुत क्षमाशील और फिर बहुत दयालु है। और फिर यह भी फरमाया कि अबू बकर तुम्हारा उदाहरण ईसा जैसा है उन्होंने फरमाया था

اِنْ تُعَذِّبْهُمْ فَاِنَّهُمْ عِبَادُكَ ۔ وَاِنْ تَغْفِرْ لَهُمْ فَاِنَّكَ اَنْتَ الْعَزِیْزُ الْحَكِیْمُ

(अल्माइद:119) कि यदि तू उन्हें सज़ा दे तो आख़िर यह तेरे बन्दे हैं, यदि उन्हें माफ कर दे तो बेशक तो पूर्ण प्रभुत्व वाला और समझदार है। और हज़रत उमर को कहा कि तुम्हारा उदाहरण हज़रत नूह अलैहिस्सलाम जैसी है जैसे उन्होंने फरमाया था

رَبِّ لَا تَذَرْ عَلَی الْاَرْضِ مِنَ الْكٰفِرِیْنَ دَیَّارًا ۔

(नूह: 27) कि हे मेरे रब्ब! काफिरों में से किसी को पृथ्वी में बसता हुआ न रख और फिर उमर को यह भी कहा कि तुम्हारा उदाहरण हज़रत मूसा जैसा है जिन्होंने फरमाया था कि

رَبَّنَا اطْمِسْ عَلٰٓی اَمْوَالِهِمْ وَاشْدُدْ عَلٰی قُلُوْبِهِمْ فَلَا یُؤْمِنُوْا حَتّٰی یَرَوُا الْعَذَابَ الْاَلِیْمَ

(यूनुस 89) कि ऐ हमारे रब उनके अमवाल बर्बाद कर और उनके दिलों पर सख्ती कर अत: वे ईमान नहीं लाएंगे यहाँ तक कि एक दर्दनाक अज़ाब देख लें। फिर हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि चूंकि तुम ज़रूरतमंद हो इसलिए कैदियों में से प्रत्येक कैदी या तो फिद्या देगा या फिर उसकी गर्दन उड़ा दी जाएगी।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रा कहते हैं कि मैंने अर्ज़ किया हे रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस आदेश के अनुपालन से सहल बिन बैज़ाय को छूट दी जाए क्योंकि मैंने उन्हें इस्लाम का भलाई के साथ चर्चा करते हुए सुना है। यह सुनकर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम चुप रहे। हज़रत अब्दुल्लाह बिन

मसूद कहते हैं कि इस दिन जितना मुझे अपने ऊपर आकाश से पत्थरों के बरसने का डर लगा इतना मुझे कभी नहीं लगा। अंत में हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया ही दिया कि इस को अपवाद माना जाता है।

(उद्धरित चार अब्दुल्लाह अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद फयाज़ चिश्ती पृष्ठ 34-36 शाकिर पब्लीकेशनज़ उर्दू बाज़ार लाहौर 2017 ई)

आं हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का चुप रहना उन्होंने अपने लिए आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नाराज़गी समझी और इसलिए अल्लाह तआला के डर से और अल्लाह तआला की सज़ा के डर से उनकी हालत ख़राब हो गई। अल्लाह तआला से भय का उन का अजीब मुकाम था। सुन्नते रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अनुसार इब्ने मसूद केवल जुम्मेरात के दिन उपदेश किया करते थे जो बहुत ही कम और व्यापक होता था और उनका बयान ऐसा दिलचस्प और मीठास वाला होता था कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मिरदास बताते हैं कि हज़रत अब्दुल्लाह जब भाषण समाप्त करते थे तो हमारी इच्छा होती थी कि काश अब वह कुछ और बताते। शाम के समय उपदेश में आमतौर आप नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीसों में से केवल एक हदीस सुनाया करते थे और हदीस बयान करते समय आप का और शौक और इश्के इलाही देखने योग्य होता था। अपने शिष्य मसरूक कहते हैं कि एक दिन आप ने हमें नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की एक हदीस सुनाई और जब इन शब्दों पर पहुंचे कि سَمِعْتُ رَسُوْلَ اللّٰہِ ... कि मैंने अल्लाह के रसूल से सुना तो मारे डर और भय के उन के बदन पर एक कपकपी छा गई। यहां तक कि आप के कपड़ों से भी एक थरथराहट महसूस होने लगी। इसके बाद सावधानी के लिए यह भी कहा कि शायद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह शब्द फरमाए थे या इससे मिलते जुलते शब्द। जब आप हदीस का वर्णन करते हैं, तो आप बहुत सावधान रहते थे। यह इस चेतावनी और पकड़ की वजह से होता है जिसके बारे में नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि ग़लत हदीसों को बयान करने वालों की पकड़ होगी।

एक और रिवायत से भी इस सावधानी का अनुमान पता लगता है। अम्रो बिन मैमून बताते हैं कि मैं एक साल तक हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के पास आता जाता रहा। वे हदीस वर्णन करने में बहुत सावधानी से काम लिया करते थे। एक बार मैंने देखा कि قَالَ رَسُوْلُ اللّٰہِ صلی اللہ علیہ وسلم यानी अल्लाह तआला के रसूल ने फरमाया शब्द कहकर आप पर एक अजीब पीड़ा की स्थिति छा गई और माथे से पसीना गिरने लगा तो फरमाने लगे कि इसी प्रकार के शब्द और इस से मिलते जुलते शब्द हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाए थे।

(सीरत सहाबा रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हाफिज़ मुज़फ्फर अहमद पृष्ठ 283-284 नज़ारत प्रकाशन रबवा 2009 ई)

आप के ख़ुदा से भय का यह अवस्था थी कि फरमाया करते थे कि मैं चाहता हूं कि मरने के बाद उठाया जाऊं और हिसाब किताब से बच जाऊं।

हज़रत अब्दुल्लाह बताते हैं कि एक बार हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद बीमार हुए तो सख्त भयभीत हो गए। हमने पूछा कि आप को कभी किसी रोग से इतना परेशान नहीं देखा जितना इसमें हैं। ऐसा कहा जाता है कि यह बीमारी अचानक मेरे पास आई है। मैं अभी ख़ुद को अख़रत के सफर के लिए तैयार नहीं पाता इसलिए परेशान हूँ। आप ने अपनी मौत का ज़िक्र करते हुए कहा कि वह दिन मेरे लिए आसान नहीं है होगा। मैं चाहता हूं कि जब मैं मर जाऊं तो उठाया न जाऊं। इब्न मसूद से मरवी है कि आप ने यह वसीयत की और इस वसीयत में बिस्मिल्लाह हिर्रहमानिर्रहीम लिखा।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद जल्द 3 पृष्ठ 117 अब्दुल्लाह बिन मसूददारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

अब बिस्मिल्लाह हिर्रहमानिर्रहीम आजकल प्रत्येक लिखता है तो यह विशेष रूप से जो उसका यहाँ ज़िक्र हुआ क्योंकि उनको हकीकी एहसास था, अल्लाह तआला के रहमान और रहीम होने का एहसास था इसलिए अल्लाह तआला की विशेषताओं का वास्ता देकर यह बात शुरू की अल्लाह तआला के नाम से शुरू की ताकि इस वसीयत में कोई ऐसी बात हो जो अल्लाह तआला की पकड़ में आ सकती हो तो रहमान और रहीम ख़ुदा इस से बचाए।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के वित्तीय स्थिति ख़ुदा तआला की कृपा से इतने अच्छे हो गए थे कि अंतिम उम्र में आपने अपना वज़ीफा लेना छोड़ दिया था।

(असदुल ग़ाबा फी मअफितिल सहाबा जिल्द 3, सफ़ा 387 दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई) इस कफन के बार में यही वसीयत की कि वह सादा चादरों का हो। और दो सौ दरहमों का हो और वफात के बाद हज़रत अब्दुल्लाह बिन मज़ऊन की कब्र के साथ दफन किया जाए जैसा कि पहले भी उल्लेख हो चुका है हज़रत उसमान ने आप की नमाज़ जनाज़ा पढ़ाई और आप की तदफीन जन्नतुल बक़ी में हुई। आप को रात को दफनाया गया। एक रिवायत यह भी है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद के दफन करने के बाद सुबह उसकी कब्र पर से एक रावी गुज़रे तो देखा कि उस पर पानी छिड़का हुआ था।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद जल्द 3 पृष्ठ 118 अब्दुल्लाह बिन मसूददारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

आस्था का यह हाल था कि लोगों ने रात को ही कब्र की मज़बूती के लिए पानी छिड़का होगा।

अबू अलहवास बताते हैं कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद की मौत के बाद हज़रत अबू मूसा और हज़रत अबु मसूद के पास हाज़िर हुआ। इन दोनों में से एक ने अपने साथी से कहा कि क्या इब्ने मसूद ने अपने बाद कोई अपने जैसा छोड़ा है, उनके जैसा कोई और है? तो उन्होंने कहा कि ऐसा हमारे जाने के बाद तो शायद संभव हो, इस समय हमें ऐसा कोई दिखाई नहीं देता। अब हमारे बीच इस समय कोई नहीं, शायद बाद में कोई पैदा हो जाए।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 119 अब्दुल्लाह बिन मसूद दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

हज़रत तमीम बन हराम बताते हैं कि में आं हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कई सहाबी की मज्लिसों में बैठा हूँ मगर हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद से अधिक दुनिया से बे रग़बत और अख़रत को चाहने वाला किसी और को नहीं पाया।

(अल्असाबा फी तमीज़ सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 201 अब्दुल्लाह बिन मसूद दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1995 ई)

दूसरे जिन सहाबी का आज में चर्चा करूंगा उनका नाम हज़रत कदामह बिन मज़ऊन है। हज़रत कदामह बिन मज़ऊन हज़रत उसमान बिन मज़ऊन के भाई हैं और हज़रत उमर की बहन हज़रत सफिया की आप से शादी हुई थी।

(अल्असाबा फी तमीज़ सहाबा जिल्द 5 पृष्ठ 322-323 कदामह बिन मज़ऊन दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1995 ई)

हज़रत कदामह बिन मज़ऊन के एक से अधिक विवाह थे । एक पत्नी हिन्द बिन्त वालीद थीं जिनसे उम्र और फातिमा जन्मे। एक पत्नी फ़ातिमा बिन्ते अबू सुफयान थीं जिनसे आपकी बेटी आयशा पैदा हुईं। इसी तरह उम्मे वल्द के गर्भ से हफ्साह और हज़रत सफिया बिन ख़त्ताब के गर्भ से हज़रत रमल्ला पैदा हुईं।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 306 कदाम बिन मज़ऊन दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

इस्लाम को स्वीकार करते समय इन की उम्र उन्नीस साल की थी, मानो ठीक जवानी में ही उन्होंने इस्लाम स्वीकार कर लिया और मदीना हिजरत के समय आप का पूरा परिवार मक्का में अपने मकानों को बिल्कुल ख़ाली छोड़कर मदीना चला गया। मदीना में हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलमा अजलानी ने इस परिवार को अपना अतिथि बनाया। आं हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब मक्का से हिजरत करके मदीना आए तो आप हज़रत कदामह और उनके भाइयों को स्थायी निवास के लिए ज़मीन के भाग प्रदान किए।

(सत्तर सितारे तालिब हाश्मी पृष्ठ 66-67 अल्बदर पब्लिकेशन लाहौर)

हज़रत कदामह प्रारंभिक ईमान लाने वालों में से थे। दोनों हिजरतों यानी हिजरत हब्शा और हिजरत मदीना में शामिल हुए। उन्हें जंग बद्र और जंग उहद सहित सभी जंगों में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल होने की तौफ़ीक़ मिली।

(अल्असाबा फी तमीज़ सहाबा जिल्द 5 पृष्ठ 322 कदामह बन मज़ऊन दूरुल कुतुब इल्मिया बैरूत 1995), (अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद जिल्द 3 पृष्ठ 306 कदामा बिन मज़ऊन दारुल कुतूब इल्मिया बैरूत 1990 ई)

जब हज़रत उसमान बन मज़ऊन की मृत्यु हुई तो आप ने अपने पीछे एक बेटी छोड़ी जिसके संबंधित आप ने अपने भाई हज़रत कदामह को ताकीदी नसीहत फ़रमाई। इसके बारे में हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर बताते हैं कि हज़रत उसमान बिन मज़ऊन और हज़रत कदामह दोनों मेरे मामू थे। अत: मैं हज़रत कदामह के पास गया और उनसे अनुरोध किया कि हज़रत उसमान बिन मज़ऊन की बेटी का निकाह मुझ से करें तो आप ने मुझ से बात पक्की कर दी, रिश्ता हो गया। मुग़ीरह बन मालिक इस लड़की की मां के पास गए और उन्हें वित्तीय लालच दी और

लड़की की राय भी अपनी मां के पक्ष में थी, एक और रिश्ता आया और लड़की माँ और लड़की की इच्छा या रिश्ता करने का विचार दूसरी ओर था। यह मामला आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सेवा में पहुंचा। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत कदामह को बुला भेजा और इस रिश्ते के बारे में उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि हे रसूलल्लाह! यह मेरे भाई की बेटी है। उसके लिए संबंध चुनने में कोई कोताही नहीं करूंगा। मेरे भाई की बेटी है और वह मर गया है, मैं इस रिश्ते के लिए जो अच्छा होगा वही करूँगा तो मैंने तो पहले हां कर दी है उसे बेहतर समझ कर की है। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि यह अनाथ बच्ची है उसकी शादी उसकी मर्जी से होगी। उसका पिता नहीं है, ठीक है तुम ने अच्छा समझ कर किया होगा लेकिन इस बच्ची की इच्छा भी पूछो। दोनों रिश्तों में से जहाँ बच्ची कहेगी वहाँ शादी होगी। अत: आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इसके बाद यह फैसला किया। यह ब्यान करने वाले जिन्होंने पहले संदेश भेजा था, रिश्तेदार थे, भांजे थे बताते हैं कि मेरे बजाय उसका निकाह मुग़ीर से कर दिया, (अल्असाबा फी तमीज़ सहाबा जिल्द 5 पृष्ठ 323 कदामह बिन मज़ऊन दीरुल कुतुब अल्इल्मिया बैरूत 1995) दूसरा रिश्ता जो पसंद था उसके माँ और लड़की को उससे रिश्ता हो गया। तो यह महिला की राय की स्वतंत्रता थी जिसे आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने स्थापित किया और जो अनाथ है इसका विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा कि पिता का साया उस पर नहीं है तो दुरुपयोग न हो जाए इसलिए लड़की की इच्छा को बहरहाल देखा जाना चाहिए।

हज़रत कदामह ने 36 हिजरी में 68 साल की उम्र में वफात पाई।

(असदुल ग़ाब फी मअरफत तिस्सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 376 कदामा बिन मज़ऊन, दारुल कुतुब अल्इल्मिया बैरूत)

अल्लाह तआला यह धर्म की समझ और आज्ञाकारिता वफ़ा और वास्तविक इश्क के नमूने और उच्च गुणवत्ता वाले इन सहाबा के नक्शेकदम पर चलते हुए हमें भी प्राप्त करने, अपनाने और पालन करने की तौफ़ीक़ प्रदान करे और हर प्रकार के फ़ितनों का हिस्सा बनने से हमें हमेशा बचाए।

